कार्यालय पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा / प्राशि / पंविप / प्राशिपूप / परीक्षा का. / 18 /37 दिनांकः– 28.02.19

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
समस्त

प्रधानाचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त

विषयः–प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2019 के दिनांक 16.03.2019 को आयोजित होने वाली परीक्षा कार्यक्रम मे संशोधन के क्रम में।
प्रसंगः– राज्य सरकार के पत्र क्रमांक प.17(30) प्राशि / 2017 दिनांक 27.02.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एंव प्रसगांनुसार लेख है कि प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2019 (कक्षा 8 हेतु) का आयोजन दिनांक 14.03.2019 से 27.03.2019 तक द्वितीय पारी में दोपहर 2.00 बजे से 4.30 तक करवायी जानी है।

उक्त क्रम में राज्य सरकार के पत्र क्रमांक प.17(30) प्राशि / 2017 दिनांक 27.02.2019 के निर्देशानुसार दिनांक 16.03.2019 शनिवार को NIOS की D.EL.ED. की चर्तुथ चरण की परीक्षा सम्पूर्ण राष्ट्र में आयोजित होने के कारण **प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2019 (कक्षा 8 हेतु) दिनांक 16.03.2019 शनिवार को आयोजित अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र को परिवर्तित कर दिनांक 28.03.2019 गुरूवार द्वितीय पारी में दोपहर 2.00 बजे से 4.30 तक निर्धारित की जाती है।** इस संदर्भ में समस्त जिला नोडल अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर से प्राप्त उक्त अंग्रेजी प्रश्न पत्र के बंडलों पर दिनांक 28.03.2019 अंकित कर सुरक्षित रखा जावे। इस हेतु किंचित मात्र की लापरवाही की जिम्मेदारी पर आप स्वंय उत्तरदायी होगें। दिनांक 16.03.2019 को परीक्षा अवकाश रहेगा। इसी क्रम में पूर्व में जारी परीक्षा कार्यक्रम में तृतीय भाषा के विषय कोड को गुजराती(73) एवं पंजाबी(75) पढ़ा जावे।

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएं
राजस्थान,बीकानेर

www.rajteachers.com

क्रमांकः–शिविरा / प्राशि / पंविप / प्राशिपूप / परीक्षा का. / 18 /37 दिनांकः– 28.02.19

प्रतिलिपि :

1. उप शासन सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा, आयोजना, जयपुर
2. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा बीकानेर, राजस्थान
3. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा बीकानेर, राजस्थान
4. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर को पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
5. रक्षित पत्रावली

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान, बीकानेर